# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 1 से 6 जनवरी 2026 ❖वर्ष :16 ❖अंक- 33 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

जिस घर में सास-बहू के बीच मां-बेटी के जैसे प्रेम होता है, ससुर पिता जैसे होता है और बच्चे माता-पिता का सम्मान करने वाले होते हैं, उसी घर में स्वर्ग होता है. लेकिन इसके विपरीत जिस घर में होता है, सुबह से लेकर रात्रि तक कट-कट होती है, वहां से लक्ष्मी रूठ जाती हैं. ऐसे घर में बीमारी भी सिर उठाती है. घर में शांति से ही समृद्धि आती है, इसकी जिम्मेदारी लक्ष्मी की होती है.

## सायरन बजते ही पूरे गांव के बच्चे बैठ जाते हैं पढ़ाई करने

**नई दिल्ली**–बच्चों में मोबाइल को देखने की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच एक गांव ऐसा भी है, जहां के उपसरपंच की पहल से शाम में सायरन बजते ही मोबाइल छोड़कर गांव के सभी बच्चे पढ़ाई करने बैठ जाते हैं. इसकी सर्वत्र सराहना हो रही है. बीड़ जिले के नागपुर गांव ने गैजेट्स और टीवी से चिपिके रहने वाले बच्चों में पढ़ने की आदत डालने के लिए यह आदऱ्श पहल की है.बताते हैं कि पढ़ाई के लिए सायर अभयिान के तहत शाम 7 बजे गांव में सायरन बजता है. यह टीवी बंद करने और मोबाइल को दूर रखने का आदेश देता है. अगले दो घंटे तक पूरे गांव के छात्र पढ़ाई करते हैं. उपसरपंच संतोष सोलंके के मुताबिक उन्हें सांगली जिलि के धुलगांव में इसी तरह के मॉडल की सफलता से प्रेरणा मिली और उन्हों ने यह अभियान शुरू किया. जो छात्र इस अभियान में समर्पण दिखाते हैं, पूरे गांव के सामने उनका सत्कार किया जाता है. पहल से स्वभाव में बदलाव आ रहा है.

# स्वस्थ,समृद्धि,संतोष का हो नया साल

## नया साल का करें स्वागत, सकारात्मक दृष्टि,खुशियां बांटने का सभी लें संकल्प

**विदर्भ स्वाभिमान**
**सुदर्शन गांग,बडनेरा**



वर्ष 2025 कई खट्टी-मीठी यादों के साथ बीत गया.यह वर्ष लाखों लोगों के जीवन में उम्मीदों का रहा होगा वहीं इतने ही लोगों के लिए दुखद भी रहा होगा लेकिन यह तय है कि जीवन में हम अगर अच्छी और सच्ची सोच के साथ कुछ करते हैं तो निश्चित तौर पर उसमें सफलता के साथ बोनस में संतोष मिलता है. जीवन में एक साल और खुशी के साथ ही मौत के भी हम करीब आ गए हैं. लेकिन अगर हम प्राप्त हर पल प्रभु का ध्यान करते हुए हर सुबह यह संकल्प लें कि आज दिनभर हम किसी की भी खुशी का कारण बनेंगे न कि दुःख का. जीवन का हर पल स्वयं भी खुशियों से बिताते हुए यही खुशी हमारे इर्द-गिर्द के लोगों को भी खुशियां बांटने का प्रयास करें. नया साल केवल तारीख बदलने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीवन को नए उत्साह, नई उम्मीदों और नई खशियों से भरने का अवसर है. बीते वर्षों की सफलताओं से सीख लेकर और असफलताओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का संदेश नया साल देता है.खुशियों का नया साल वही होता है, जहाँ मन में संतोष हो, दिल में प्रेम हो और जीवन में सकारात्मक सोच हो. छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूँढना, अपनों के साथ समय बिताना और दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चे सुख की पहचान है.यह नया साल हमें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, रिश्तों को मजबूत बनाने और अपने लक्ष्यों के प्रति ईमानदारी से मेहनत करने की प्रेरणा देता है. जब विचार सकारात्मक होते हैं, तब परिस्थितियाँ भी अनुकूल बनती हैं. सकारात्मक सोच, माता-पिता का आशिर्वाद, अपने से बड़ों का प्रेम जिसके साथ रहता है, जीवन में उसे कभी किसी बात की कमी नहीं होती है. जीवन में मेहनत ईमानदारी, नैतिकता के साथ ही ईमानदारी की ताकत ऐसी ताकत होती है जो जीवन में हमें कभी हारने नहीं देती है. इस नए साल में नकारात्मकता, ईर्ष्या और निराशा को त्यागकर प्रेम, सहयोग और विश्वास को अपनाएँ. हर दिन को उत्सव की तरह जिएँ और हर क्षण में खुशियों के रंग भरें. इसके साथ ही सभी को खुशियां बांटने का काम करने का संकल्प लेकर नए साल में अपनी सोच को सकारात्मक रखें .नववर्ष पर विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.सभी का जीवन सुख,समृद्धि के साथ स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो और सभी की मनोकामनाएं वर्ष 2026 में पूरी हों , जीवन सुखमय हो,हम यही कामना करते हैं.

# मनपा चुनाव, भाजपा,कांग्रेस के साथ सभी दल लगाएंगे पूरा जोर

**विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर**

**अमरावती** - महानगर पालिका चुनाव को लेकर जबर्दस्त उत्साह के बीच शहर में बनने वाली स्थानीय सरकार को लेकर भाजपा, कांग्रेस,राकांपा, युवा स्वाभिमान पार्टी के साथ जहां सभी दलों में रस्साकशी है, वहीं दूसरी ओर इस चुनाव में शहर के विकास का विजन का खाका भी तैयार होगा. चुनाव को लेकर अपार उत्साह केसाथ ही इस चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के माध्यम से अमरावती के मतदाताओं को देश में अपना नाम चमकाने का प्रयास करना चाहिए.

चुनाव में पहली बार गठबंधन को लेकर भी कश्मकश और उम्मीदवारों को लेकर भी कश्मकश की स्थिति रही. नामांकन दाखिल करने के अंतिम समय तक किसी पार्टी ने प्रत्याशियों




की सूची जारी नहीं की. गठबंधन के अलावा पैनल में रहने वाले भी एकता के लिए काम करेंगे या नहीं, इसका विश्वास पैनल के अन्य उम्मीदवारों को नहीं होने की चर्चाए अभी से ही सुनाई पड़ रही हैं. ऐसे में मनपा चुनाव मजेदार होने के साथ ही मतदाता किस पर कितना विश्वास करते हैं, इस पर सभी की निगाहें लगी हैं.







# विदर्भ स्वाभिमान

## संपादकीय

# नया साल जगाए सभी में नई उम्मीदें, छोड़ें बुरी आदतें

*नववर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ. कहते हैं कि खुशियों के लिए किसी निमित्त की जरूरत नहीं होती है. वह हमारे मन पर निर्भर करती है. सकारात्मक सोच, प्रभु की भक्ति, किसी का भी नुकसान नहीं करने की मानसिकता जैसी खूबियों के कारण हमारा जीवन खुशियों से भर जाता है. समस्या साधन से नहीं बल्कि साधना से हल होती है. लेकिन दुर्भाग्य की आज हम साधना छोड़कर केवल साधन जोड़ने में लगकर अपने जीवन को गमा रहे हैं. नया साल 2026 सभी के जीवन को कामयाबी,स्वास्थ्य तथा समृद्धि के साथ ही अपार खुशियां दे, प्रभु चरणों में यही कामना. इसके साथ ही समय का उचित प्रबंधन करते हुए हम जीवन की कामयाबी हासिल करें और सदा मानवता धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए खुश रहें और खुशियां सभी को देने का प्रयास करें. संकल्पों के साथ ही हमें नए साल का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने का प्रयास करें तो निश्चित ही यह साल हमारे जीवन में खुशियां लाएगा. नववर्ष की सभी को विदर्भ स्वाभिमान की ओर से सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं. जीवन में खुशियां बांटने वाले की खुशियां सदा बढ़ती हैं, ज्ञान बांटने वाले का ज्ञान और प्रेम बांटने वाले को प्रेम बढ़ता है. भारतीय संस्कृति विश्व व्यापी है, विश्व बंधुत्व की भावना रखती है, ऐसे में इसे नया साल मान लेते हैं और नए साल की सभी को मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. नये साल में हम अपनी कोई बुराई छोड़ने के साथ ही संकल्प करें कि मानवता की खुशियों के लिए हम सभी यथासंभव प्रयास करेंगे. बीते साल के अनुभवों और खट्टे मीठे अनुभवों को भुलाते हुए यह नया साल सभी के जीवन में उत्साह, तरक्की, बेहतरीन स्वास्थ्य जैसी खूबियां डाले और सभी के जीवन को खुशियों से भर दें और हम भी जितने लोगों के खुशी का माध्यम बन सकते हैं, उनकी खुशी का प्रयास करें. भारतीय संस्कृति और संस्कार दुनिया में सबसे महान है. लेकिन इसके साथ ही दुनिया के साथ चलना है तो हमें भी कहीं समझदारी दिखानी पड़ती है. हमारा नववर्ष गुड़ी पाड़वा के दिन रहता है.दिल से की गई सेवा कभी बेकार नहीं जाती है. इसलिए जितना संभव हो सके, सेवा का काम अपने स्तर पर करना चाहिए. मानव सामाजिक प्राणि रहने के कारण इन्सान को इन्सान के काम आने का सदैव प्रयास करना चाहिए. तभी मानवता की मजबूत होती है. लेकिन दुर्भाग्य की आज स्वार्थ इन्सान पर हावी होता जा रहा है. नया साल संकल्पों का हो, इस साल हम अपने कामों से अगर कुछ लोगों के दिल में बेहतरीन जगह बना सके तो निश्चित ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी.नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं.*

# शहर के लिए चुनाव के महत्व को समझें



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

*महानगर पालिका चुनाव को लेकर जिस तरह से अमरावती में राजनीतिक दलों में संभ्रम की स्थिति हुई, भाजपा को शहर के साथ जिले में बढ़ाने में योगदान देने वाले तथा पार्टी द्वारा दरकिनार करने से व्यथित होकर पार्टी छोड़ने और शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होने और वहां से इस्तीफा देने वाले जगदीश गुप्ता की स्थिति, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की बजाय पार्टी में दूसरी पार्टी से आए कार्यकर्ता को उम्मीदवारी दे दी गई, इससे राजनीति में समर्पित कार्यकर्ताओं में जो निराशा है, वह मनपा चुनाव में क्या गुल खिलाएगी, यह सोचने का विषय बन गया है. सर्वत्र संभ्रम वाली स्थिति पहली बार मनपा चुनाव में दिखाई दी. नामांकन के आखिरी समय में एबी फार्म दिया जाना राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता की सच्चाई बताने के लिए काफी है.*

*अमरावती शहर की राजनीति में पहली बार इस तरह की राजनीतिक संभ्रम वाली स्थिति दिखाई दी.महानगरपालिका चुनाव में सभी दलों की उम्मीदवार सूची घोषित होने तक देखने को मिला। गठबंधन और आघाड़ियाँ अंतिम क्षण तक तय न होने तथा समीकरण संतोषजनक न बनने से नामांकन की आख़ि?री घड़ी तक भारी असमंजस बना रहा.*

*इस चुनाव से यह स्पष्ट हुआ कि सभी दलों में सामान्य कार्यकर्ता और धनाढ्य कार्यकर्ता के बीच अंतर साफ दिखाई देता है. ऐन वक्त पर पार्टी में शामिल हुए व्यक्ति को भी पार्टी हित के नाम पर टिकट दिया गया, जबकि किसी उम्मीदवार के प्रति नाराज़गी होने पर उसके परिवार के सदस्य को टिकट देने की प्रवृत्ति भी खुलकर सामने आई. भाजपा में टिकट वितरण को लेकर कई प्रभागों में असंतोष चरम पर रहा, कहीं पाँच साल से सक्रिय न रहे मौजूदा पार्षदों को टिकट मिला, कहीं निलंबित कार्यकर्ताओं को, तो कहीं आयाराम-गयाराम या दूसरे प्रभाग के उम्मीदवारों को अंतिम दिन टिकट दिए गए. इससे बगावत रोकने की रणनीति उलटी पड़ती दिख रही है और पार्टी के भीतर ही नाराज़गी बढ़ी है।*

*भाजपा, राष्ट्रवादी अजित पवार गुट और शिंदे गुट पर आयाराम-गयाराम को प्राथमिकता देने का आरोप लगा, जबकि कांग्रेस, उबाठा और राष्ट्रवादी (शरद पवार गुट) ने अपेक्षाकृत संतुलित रुख अपनाते हुए अनुभवी और पार्टी-निष्ठ नए उम्मीदवारों को मौका दिया.कुल मिलाकर, चुनाव अब अपवाद छोड़कर धन और मसल पावर पर आधारित होते जा रहे हैं. ऐसे में लोकतंत्र को बचाए रखने की जिम्मेदारी मतदाताओं पर है. इसके साथ शहर का भविष्य तय करने की जिम्मेदारी भी मतदाताओं पर है. हमारा मानना है कि कैसे लोगों को चुनकर लाना है, शहर के विकास के विजन के साथ ही वे कितने उज्वल चाल-चरित्र के हैं, यह देखना भी उतना ही जरूरी है. लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का फैसला सदा महत्वपूर्ण था, महापालिका चुनाव में भी महत्वपूर्ण साबित होगा.इस बार का चुनाव कई मायनों में अलग है, ऐसे में अमरावती शहरवासी बुद्धिमानी से नई सरकार का विवेक से चयन कर बागडौर ऐसे हाथों में दें जो उसके काबिल हैं.*




# परमार्थी जीवन ही प्रभु को अत्याधिक प्रिय होता

## मांगीलाल प्लॉट में श्रीमद् भागवत कथा में श्याम महाराज का उपदेशपूर्ण प्रतिपादन

**अमरावती-** परमार्थी जीवन से बड़ा भाग्यशाली जीवन नहीं हो सकता है. जिस व्यक्ति का जीवन परमार्थ में रत हो जाता है, उसका इहलोक और परलोक दोनों ही संवर जाता है. जीवन में जितना संभव हो, स्वयं खुश रहकर दूसरे को भी प्रसन्न रखना चाहिए. इस आशय का प्रतिपादन आचार्य श्याम महाराज ने किया. शब्दों के भी अपने मायने होते हैं, धर्म का कहना है कि शब्दों में भी अपनापन होना चाहिए, हमारे शब्दों से भी किसी को आहत नहीं करना चाहिए. उन्होंने मैं जा रहा हूं शब्द का उपयोग करते हुए उपस्थितों को बेहतरीन मार्गदर्शन करने के साथ ही संस्कृत भाषा की महत्ता भी विशद की. जीवन में अगर हम किसी को सुख नहीं दे सकते हैं तो किसी को भी दुःखी नहीं करना चाहिए, इस आशय का उपदेशपूर्ण प्रतिपादन मांगीलाल प्लॉट क्षेत्र में जारी श्रीमद् भागवत कथा में कथा प्रवक्ता श्याम महाराज ने किया.तीसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य पर श्याम महाराज ने कहा कि भागवत कथा मनुष्य को अहंकार, लोभ और मोह से मुक्त होकर प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है. संस्कृत, हिंदी के साथ ही अंग्रेजी के विद्वान कथा वाचक श्याम महाराज के मुताबिक भागवत कथा जीवन को धन्य करती है क्योंकि यह आध्यात्मिक विकास, भगवान के प्रति गहरी भक्ति, और ज्ञान, वैराग्य, कर्मयोग, तथा समाज-धर्म जैसे जीवन-मूल्यों का मार्ग दिखाती है, जिससे व्यक्ति जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर परम आनंद और मोक्ष की ओर बढ़ता है, और इसके श्रवण से मन शुद्ध होता है, जिससे परमात्मा की कृपा




प्राप्त होती है. कथा सुनने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं और भाविक उमड़ पड़े हैं. श्री सरयूपारिण ब्रह्मण सभा, शिक्षक वेलफेयर एसो. व श्री गणेशोत्सव महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में मांगीलाल प्लॉट निवासी मिश्रा के मुख्य यजमानत्व में शुरू कथा 3 जनवरी तक चलेगी. दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चल रही कथा में धार्मिकता के साथ ही सामाजिकता तथा अन्य विषयों पर भी श्याम महाराज भक्तों का प्रबोधन कर रहे हैं. कथा के दौरान त्रियुगीनारायण मिश्रा, जगदंबाप्रसाद मिश्रा, माताफेर मिश्रा, रामकैलास मिश्रा, हरिहरनाथ मिश्रा, शारदाप्रसाद मिश्रा, द्वारकाप्रसाद मिश्रा व सुभाष मिश्रा के साथ सरयूपारिण ब्रह्मण सभा के सचिव डॉ.मनीष दुबे सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी, यश खोड़के मित्र मंडल तथा अन्यों का सहयोग मिल रहा है. क़था सुनने के लिए पूरे शहर के विभिन्नि इलाकों से भक्त पहुंच रहे हैं.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010 43881

# अनगिनत गुणों के संगम है प्राचार्य सुधीर महाजन

## जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान की विशेष पहल

कुछ लोग अपने कार्यों के कारण जहां भी जाते हैं अपने कार्य की छाप छोड़ देते हैं और हजारों लोगों के दिलों में स्थान बना लेते हैं. पोदार इंटरनेशनल स्कूल अमरावती के 13 वर्षों तक प्राचार्य रहे और फिलहाल इंदौर पोदार इंटरनेशनल विद्यालय में सेवा देकर हजारों बच्चों का जीवन संवारने वाले प्राचार्य सुधीर महाजन ऐसे ही आदर्श व्यक्तित्व है. जहां उनमें विद्वत्ता, विनम्रता, आदर्श आचरण और विद्वता का गुण है, वही राष्ट्र निर्माण तथा मानवता के धर्म को सबसे बड़ा धर्म मानते हुए परमात्मा से प्राप्त जीवन को परमार्थ में लगाने का सदैव भाव रखते हैं. 4 जनवरी को उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. आप सदा स्वस्थ रहें, मुस्कुराते रहें और लाखों छात्रों का जीवन संवारते रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.प्राचार्य महाजन विषय-ज्ञान में प्रखर हैं, पर उसकी विद्वत्ता पुस्तकों तक सीमित नहीं रहती. वह समकालीन समाज, विज्ञान, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़े है.गहन अध्ययन के साथ सतत आत्ममंथन उसकी पहचान होता है.










विद्वान वक्ता सुधीर महाजन की वाणी में स्पष्टता, तर्क, संवेदना और प्रेरणा का समन्वय होता है. वह कठिन विषयों को सरल उदाहरणों से समझाता है, श्रोताओं को सोचने के लिए प्रेरित करता है और संवाद को एकांगी नहीं, सहभागी बनाता है.सुधीर महाजन जहां शिक्षा के प्रति समर्पित प्राचार्य है वही दूसरी ओर जीवन के अपने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को कामयाबी की बुलंदी पर पहुंचने के लिए नित्य नए उपक्रम लेकर छात्रों का प्रोत्साहन करते हैं.विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति सहानुभूति रहने के कारण प्राचार्य सुधीर महाजन को सभी अपने पालक जैसा सम्मान देते हैं.अनुशासन व न्याय के साथ नियमों का पालन, निष्पक्षता और पारदर्शिता को महत्व देते हैं.शिक्षण-पद्धतियों में सुधार, तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग.सत्यनिष्ठा, विनम्रता, करुणा और सेवा-भाव उसके आचरण में परिलक्षित होते हैं. वह स्वयं उदाहरण बनकर नेतृत्व करते हैं.कथनी और करनी में एकरूपता.



अनगिनत गुणों के संगम, विद्वता, विनम्रता, आत्मीयता से परिपूर्ण व्यक्तित्व,सभी के चहेते, लाखों छात्रों का भविष्य संवारने वाले आदर्श गुरु

**प्राचार्य सुधीर महाजन सर**

को जन्मदिन पर हमारी मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएँ

**शुभेच्छुक- पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा मित्र परिवार.**




**विदर्भ स्वाभिमान**

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43581

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे    प्रबंधक : सौ. विद्या एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189


**विदर्भ स्वाभिमान**

### आवश्यक नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |
| साइबर अपराध | 1930 |

# दस योजन विस्तीर्ण में फैला है तिरूमला पर्वत

गतांक से जारी-इस शेष को इस रूप में अभय देकर उसे विदा करके इंद्रादि देवतागण अपने-अपने स्थलों पर लौट गए. ब्रह्म अपने सत्य लोक पहुँच गए. तब शेष ने वैकुंठपति को साष्टांग दंड प्रणाम करके पर्वताकार को प्राप्त किया. उस पर्वत के परिमाण के बारे में बताना है तो दस योजन विस्तीर्ण में वह पर्वत फैला हुआ है. तीस योजनाओं की लंबाई है. शेष के आकार में रहनेवाले इस वृहद पर्वत को सिरोभाग वेंकटाद्रि, मध्य प्रदेश अहोबिल, पूँछ भाग श्रीशैल है. ऐसे पर्वत पर सर्व क्षेत्र, सर्व तीर्थ, सकल फल-पुष्पों के पौधे और लताओं से शोभित है.

उस पर नाना धातुओं के होने से विचित्र रूप से वह प्रकाशवान है. उस पर्वत पर देवताओं के बूंद वृक्षों के बूंद के रूप में, ऋषि समूह मृग समूह के रूप में, पितृ गण खग समूहों के रूप में, यक्ष-किन्नेरादि पाषाण समूह के रूप में उस पुण्य पर्वत पर आश्रित थे. शेष को वरदान देकर लौटे ब्रह्म ने वराह स्वामी से 'शेषाद्रि पर बसे रहिए.' प्रार्थना करने पर, उस देव ने गरुड़ के द्वारा वैकुंठ में - रहनेवाले क्रीड़ाचल में भी

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

### विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

भक्ति की शक्ति का अनुभव किया जा सकता है.

1. माधव का वृत्तांत

सुनो! श्री कालहस्ति में पुरंदर सोमयाजी का पुत्र माधव नामक एक युवक रहा करता था. अपने कर्म के अनुसार एक दिन अपनी पत्नी चंद्र रेखा को दिन में रति करने के लिए बुलाने से वह भयभीत होकर बड़े लोग घर में रहते दिन में यह किस रीति में होगा. कहते बहु विध बताकर उसके वश में नहीं आयी. माधव इस को सहन नहीं करके पुनः प्रार्थना करने पर पति की आज्ञा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, जानते हुए भी पति की ओर दया से देखकर चंद्ररेखा ने इस रूप में कहा.'देवतार्चन अग्निहोत्रादि, सक्रियाओं का आचरण करने के समय में रति क्रीड़ा करना उचित नहीं है. कहते अनेक प्रकार से कहने पर भी, अनसुना करके पति उस पर अत्याचार करने के लिए तैयार हो गया. तब सति ने पति से 'आप तुलसी-पुष्पादि संग्रहण हेतु नदी के तट पर वन में रहो, मैं वहाँ जल लेने के बहाने कलश



लेकर आऊँगी. वहाँ पर रही. किंतु विप्र उसका पीछा करता रहा.आखिर विप्र को देखकर भय से उस स्त्री ने कहा. 'हे धरणी सुरेंद्र ! मेरे पास इस रूप में आना नीतियुक्त नहीं है. कौन समझकर मेरे पास आ रहे हो? मैं चंडालिन हूँ.' कहने पर दया से उस विप्र ने इस रूप में कहा.तुम्हारा नाम क्या है? बताओ री.' सुनकर उस स्त्री ने उसे देखकर 'मुझे कुंतल नाम से पुकारते हैं. इस रूप में पूछते मेरे पास पहुँचना ठीक नहीं है. दूर चले जाओ. तुम मेरे पास मत आओ. मैं नीच जाति की हूँ.' कहते जानेवाली उसे छोड़कर जाने में असमर्थ माधव बार-बार उसका पीछा करता रहा. फिर में उस विप्र ने इस रूप में कहा. 'हे भामा! तुझ जैसी कन्या को ब्रह्म देव ने नीच जाति में पैदा करके जंगल में खिली चांदनी की तरह गलत किया है. री मैं ब्रह्म की क्या निंदा करूँ सागर में उपलब्ध रत्नों को सिर पर पहननेवाले राजाओं की तरह तुझे मैं वरण करूँगा.कहते भय छोड़कर विप्र ने विवरण दिया. ज़ीवन में खुशियां लाने वाले गोविंदा की कृपा सभी पर बरसती रहे, यही कामना. ज़य गोविंदा

शेष अगले अंक में





- शुभेच्छुक-

प्राचार्य सुधीर महाजन मित्र परिवार, अमरावती, विदर्भ स्वाभिमान अमरावती, अकोला, बुलढाणा, प्रयागराज, हिंगोली तथा सुभाष दुबे परिवार,अमरावती.


## पर्यावरण के लिए युवक निकले साइकिल यात्रा पर

**मुंबई-** स्थानीय स्थित हैदराबाद (सिंध) नेशनल कॉलेजेस विश्वविद्यालय के 15 युवक पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा साइकिल से करने निकल पड़े हैं. बुधवार सुबह कश्मीर के लाल चौक से शुरू हुई यह यात्रा लगभग 24 दिनों में कन्याकुमारी पहुंचेगी.स्नातक कक्षाओं में पढ़ रहे 14 छात्र एवं उनके शिक्षक मयूर दुमासिया नें 31 दिसंबर को सुबह आठ बजे लाल चौक से अपनी यात्रा आरंभ की। समूह का नेतृत्व कर रहे 38 वर्षीय दुमासिया का दाहिना हाथ न होने के कारण वह दिव्यांग भी हैं.











## सभी का जीवन सुखमय, खुशियों वाला हो : डॉ.श्वेता सिंघल

**विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर**

**अमरावती-** जीवन में हर क्षण का अपना महत्व होता है. यही कारण है कि समय का सही प्रबंधन जीवन के लक्ष्य को पूरा करता है. बीते वर्ष की अच्छी-बुरी बातों को भुलाते हुए नया साल सभी के जीवन में नई उम्मीदें लाए, स्वस्थ रखे, खुशहाल रखे, इस तरह की कामना संवेदनशील अधिकारी संभागीय आयुक्त डॉ.श्वेता सिंघल ने करते हुए सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी. नया साल संभाग, जिले तथा शहर के लिए कैसा रहे, इस बारे में संभागीय आयुक्त के साथ ही अन्यों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. नया साल विभाग के सभी नागरिकों, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, उद्यमियों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों तथा अधिकारी एवं कर्मचारी वर्गों के लिए मंगलमय हो. नया वर्ष सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, शांति और प्रगति लेकर आए. शासन की विभिन्न विकासात्मक योजनाएं और उपक्रम जनता के सक्रिय सहयोग से और अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों. विभाग के सर्वांगीण विकास के लिए नागरिकों का सहयोग और सहभाग अत्यंत महत्वपूर्ण है. नए वर्ष में यह सहयोग और भी सुदृढ़ होने की अपेक्षा संभागीय आयुक्त डॉ. श्वेता सिंघल ने व्यक्त कर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी. उनके मुताबिक सभी को जितना संभव हो, अच्छा काम करने और दूसरों को भी सकारात्मक सोच के साथ सदा बेहतरीन काम करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए.







### महाराष्ट्र शासन
### जलसंपदा विभाग
### कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, अकोला

दुरध्वनी क्रमांक - ०७२४-२४८८५४६ ईमेल -mdakl@rediffmail.com

## ई निविदा सुचना क्रमांक २२ (तिसरी वेळ) सन २०२५-२६.

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी विभाग, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून / संख्यांकडून खालील कामाकरिता बी-१ नमुन्यातील ई निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागयत आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावीत. सविस्तर निविदा सूचना व ई निविदेबाबत सर्व माहिती शासनाच्या संकेतस्थळावर व विभागीय कार्यालयाच्या सुचना फलकावर उपलब्ध आहे.

निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार अधिक्षक अभियंता, यांत्रिकी मंडळ, नागपूर यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही. सदर निविदा सुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर कळविण्यात येईल.

| अ क्र | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रुपये | इसारा रक्कम रुपये | सुरक्षा ठेव रुपये | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी | काम पूर्ण करण्याची पात्रता | मूल्य रुपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्डानाला उ.सि. यो. येथे पंपपुहातील ईओटी ७.५ में टन क्षमता १ नग १ चे संकल्पन, निर्मिती, पुरवठा, उभारणी, चाचणी, व कार्यान्वितीकरण कामे. | रु. १६,२८,५७६/- (GST वगळून)) | रु. १६,२८६/- | रु. ३२.५७२/- | १२ महिने | कामाचा पूर्वानुभाव असलेल्या मूळ उपकरणे निर्माता कंत्राटदाराकडून / संस्थाकडून बी-१ निविदा मागविण्यात येत अहेत. निविदा सादर करतांना कंत्राटदार जलसंपदा विभागाकडील यांत्रिकी संघटनेकडे पंजीकृत असणे आवश्यक नाही. | मुख्य निविदा कागदपत्रे रुपये २३६०/- (२००० + GST) |

### ई निविदेचे वेळापत्रक

| | | |
|---|---|---|
| १) ई निविदा प्रसिध्दीचा दिनांक व वेळ | :- | दि.०५/०१/२०२६ सकाळी ११.०० वा. |
| २) व वेळ ई निविदा दस्तऐवज डाउनलोड प्रारंभ व समाप्त दिनांक व वेळ | :- | दि.०५/०१/२०२६ सकाळी ११.०० वा. पासून ते दि १२/०१/२०२६ संध्याकाळी ०५.४५ पर्यंत |
| ३) ई निविदा दाखल करण्याची सुरुवात व अंतिम दिनांक संध्याकाळो ०५.४५ पर्यंत | :- | दि.०५/०१/२०२६ सकाळी ११.०० वा. पासून ते दि.१२/०१/२०२६ |
| ४) ई निविदा तांत्रिक देकार उघडण्याचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | :- | दि.१४/०१/२०२६ रोजी सकाळी ११.०० वा. कार्यकारी अभियंता, यांत्रिको विभाग, अकोला यांचे कार्यालयात ऑनलाईन उघडण्यात येतील. (शक्य झाल्यास) |

### नियम व अटी

१) कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालयात नोटीस बोर्डावर सविस्तर नोटीस पहावयास मिळेल.
२) वरील निवेदेमधील कामाच्या करारनाम्यात पश्च्यात अहर्ता निकष समाविष्ठ आहेत.
३) संकेतस्थळावर प्रसिद्ध होणाऱ्या निविदा उघडण्याची तारीख व वेळेनुसार कंत्राटदाराने किवा त्यांच्या अधिकृत प्रतिनिधीने उपस्थित राहावे, अन्यथा निविदा उघडल्यानंतर कोणतीही तक्रार स्विकारली जाणार नाही.
४) खालिल ठिकाणी ई-निविदे बाबत सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
१) संकेतस्थळ www.mahactenders.gov.in
(सदर निविदासुचने मध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईट वर कळविण्यात येईल.)

वि.ता.का./अम./जाहि./876 २०२५-२०२६

**(वि. ल. वराडे)**
**कार्यकारी अभियंता,**
**यांत्रिकी विभाग, अकोला.**

# सभी की खुशियां,तरक्की दुगुनी हो

## नए साल क़ी समाजसेवी रामेश्वर उपाध्याय ने दी शुभकामनाएं

अमरावती- जीवन में जितना संभव हो सके, मानवता की सेवा करते हुए हर दिन को खुशियों से जीने का प्रयास करना चाहिए. हर दिन को आखिरी और हर खुशी में सभी को समाहित करने का भाव जिन लोगों का रहता है, प्रभु उनकी खुशियों को बढ़ाने का काम करते हैं. नए साल का स्वागत करने के साथ ही नया साल सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, दुगुनी तरक्की के साथ सभी के जीवन को खुशियों से भर दे, यही कामना प्रभु चरणों में करते हुए समाजसेवी रामेश्वर उपाध्याय ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी.

शहर के सुख्यात व्यवसायी उपाध्याय ड्रायफ्रूट के संचालक एवं सुख्यात समाजसेवी रामेश्वर उपाध्याय के मुताब्कि सेवा से बड़ा परमार्थ का काम नहीं हो सकता है. इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर सेवा



करते हुए जितना संभव हो सके, सामाजिक कामों में भी योगदान देना चाहिए. रामेश्वर उपाध्याय व्यवसायके साथ ही सामाजिक कामों में भी सदैव अग्रणी रहते हैं.यह साल सभी के लिए खुशियों , स्वास्थ्य और सभी इच्छाएँ पूरी करने वाला हो. यह भी संतोष की बात है कि आज भी समाज में अच्छे, समझदार तथा समाज के लिए कुछ करने की मानसिकता वाले लोग हैं. ब्राह्मण समाज के सामाजिक कामों में भी सदैव अग्रणी रहने वाले रामेश्वर उपाध्याय मिलनसार स्वभाव के जहां धनी है, वहीं दूसरी ओर गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं. उनके मुताबिक प्रेम, आत्मीयता ऐसे इत्र हैं, जिनकी खुशबू लगातार बढ़ती रहती है.

इतना ही नहीं तो जब हम किसी को प्रेम देते हैं तो उसका उत्तर हमें उसी रूप में मिलता है. उपाध्याय घीवर मिठाईयों के प्रतिष्ठान को अपडेट करने के साथ ही दुकान को विस्तारित करने वाले रामेश्वर उपाध्याय के मुताबिक समय के साथ चलने वाला ही जीवन में आगे बढ़ सकता है. उनके मुताबिक परिवार के साथ गके साथ ही ग्राहकों का विश्वास कामयाबी पर पहुंचाया है.उपाध्याय ड्रायफ्रूट और उपाध्याय मिठाईयों को वर्षों से मिल रहे विश्वास के लिए ग्राहकों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए नए साल की सभी को मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी.

# ख़ुशहाल, स्वास्थ्यवर्धक तथा कामनाएं पूरी करने वाला हो नया साल-आशीष येरेकर

**विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर**

**अमरावती-** जीवन का हर दिन हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण होता है. बीते वर्ष की तरक्की और अन्य उपलब्धियां और खट्टे-मीठे अनुभवों को भुलाते हुए नए साल के स्वागत के साथ ही जीवन का लक्ष्य तय करते हुए उसे पूरा करने के लिए सभी को जुट जाता है. मानवता धर्म तथा राष्ट्र धर्म निभाते हुए शहर, जिला तथा राष्ट्र की प्रगति में सभी को योगदान देने का प्रयास करने की सलाह देते हुए जिलाधिकारी आशीष येरेकर ने सभी को नववर्ष 2026 की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी. साथ ही विश्वास जताया कि नया साल सभी के जीवन में नई उम्मीदें लाएगा.

नववर्ष पर जिले की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग समय की कीमत करते हैं, समय सदा उनकी कीमत करता है. ऐसे में युवाओं को समय का महत्व समझते हुए कार्य करने और लक्ष्य तय करने का आग्रह किया. नये साल में जिले का सर्वांगीण विकास हो, लोगों का जीवन खुशहाल, स्वस्थ हो और सभी के प्रयासों



से अमरावती जिला हर क्षेत्र में आगे बढ़े, रोजगार के अवसर बढ़ें और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास करने का भरोसा सांसद बलवंत वानखडे ने जताया. नए साल पर सभी मिलकर जिले के विकास में योगदान देने का आग्रह भी उन्होंने किया.नया साल हमारी उम्मीदों के साथ घर,परिवार, समाज तथा राष्ट्र के लिए योगदान के माध्यम से सफल करें. जिला विकास के साथ ही व्यक्तिगत तरक्की हो, सभी क़ो स्वस्थ,. समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामनाएं करते हुए शुभकामनाएं दी.




**गुरूवार 01 से 7 ज़नवरी 2026 तक का भविष्य**

**मेष-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः इस सप्ताह मेहनत रंग लाएगी. कामकाज में नए प्रोजेक्ट या प्रमोशन के अवसर मिल सकते हैं. लेकिन खर्चों पर काबू रखना ज़रूरी है. स्वास्थ्यः शुरूआत में थकावट महसूस हो सकती है, थोड़ी सी नींद पूरी करें. रिश्ते / परिवारः रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी; पारिवारिक सहयोग मिलेगा. लेकिन समय पर संवाद करना ज़रूरी है. सलाहः बड़े फैसले लेने से पहले सब पक्षों पर विचार करें. जल्दबाज़ी न करें.

**वृषभ-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः यह सप्ताह स्थिरता वाला रहेगा. वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा. आर्थिक मामूले ठीक रहेंगे, पर निवेश या बड़े खर्च करने से बचना श्रेयस्कर है. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा, लेकिन तनाव या भूख-पीक की अनियमितता से बचें. रिश्ते / प्यारः घर और परिवार में शांति बनी रहेगी, पर शब्दों का चयन सोच-समझ कर करें. सलाहः खर्चों का हिसाब रखें; जितना हो सके बचत की कोशिश करें.

**मिथुन-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः धन आगमन के योग हैं. कछ सौदे वप्रस्ताव मिलेंगे, परन्त जौखिम भरे प्रस्तावों से सावधानीं बरतें. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा. बीच-बीच में एक्टिव रहें.रिश्ते / प्यारः पार्टनर के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं; संवाद से स्थिति ठीक होगी. सलाहः किसी नए अवसर की घोषणा लेने से पहले पूरी जानकारी जुटाएँ; निवेश करें तो भरोसेमंद सलाह साथ लें.

**कर्क-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः पुराने अधूरे काम पूरे होने की संभावना; आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी. लेकिन अचानक खर्च हो सकते हैं. स्वास्थ्यः मौसम और खान-पान का ध्यान रखें; पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं. रिश्ते / प्यारः पारिवारिक भूमिका बढ़ेगी; दोस्तों-परिवार से समय बिताना अच्छा रहेगा. सलाहः प्रदत्त जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें; व्यर्थ विवादों से बचें.

**सिंह-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः आत्मविश्वास बढ़ेगा; नए प्रोजेक्ट्स या विस्तार के अवसर मिल सकते हैं. अधिकारी आपकी क्षमताओं को देखेंगे. स्वास्थ्यः काम-थकावट हो सकती है; पर्याप्त आराम और नींद आवश्यक. रिश्ते / प्यारः घर में सम्मान और सहयोग मिलेगा. साथी से अच्छे संवाद होंगे. सलाहः अपनी ऊर्जा को संतलित करें; काम और निजी जीवन में संतुलन स्थापित करना ज़रूरी होगा.

**कन्या-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः भाग्योदय की संभावना है. मेहनत का फल मिलेगा, महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे. आर्थिक स्थिति सुधर सकती है. स्वास्थ्यः स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. लेकिन नियमित व्यायाम और संतुलित आहार जरूरी है. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में मधुरता रहेगी; पारिवारिक आनंद प्राप्त होगा. मित्रों या बुजर्गों से सहायता मिल सकती है. सलाहः सकारात्मक सोच रखें; किसी नई शुरूआत के लिए यह समय उपयक्त है.

**तुला-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः ऊर्जा व संकल्पशक्ति बढ़ेगी; नए अवसरों की ओर कदम हो सकते हैं. परंतु जल्दबाजी वाले फैसले टालें. स्वास्थ्यः बीच-बीच में थकान या असमंजस हो सकता है. विश्राम करें और ध्यान रखें. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में भरोसा बढ़ेगा; पुराने झगड़े सलझ सकते हैं. साथी का सहयोग मिलेगा. सलाहः वाणी में सौम्यता रखें, दूसरों की बातों को ध्यान से सनें; भावनात्मक संतुलन महत्वपूर्ण होगा.

**वृश्चिक**-कैरियर / आर्थिक स्थितिः मेहनत का परिणाम मिलेगा. घरेलू जीवन और करियर के बीच संतुलन बनाए रखना होगा.स्वास्थ्यः मानसिक शांति की ज़रूरत है; ध्यान-मेडिटेशन लाभ दे सकता है. रिश्ते / प्यारः रिश्तों में भावनाएँ गहरी होंगी. परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है. सलाहः विश्लेषण करने से बचें, अहंकार या झूठे रूख से दूरी बनाएं.

**धनु-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः रूके हुए काम आगे बढ़ेंगे; यात्रा या नए कौशल सीखने के मौके मिलेंगे. स्वास्थ्यः हल्की-फुल्की परेशानी हो सकती है; आराम पर ध्यान दें. रिश्ते/ प्यारः साथी के साथ कुछ तनाव हो सकता है; समझदारी से बातचीत लाभदायक होगी. सलाहः अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं को साफ़ रखें; जल्दबाज़ी में फैसले न करें.

**मकर-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः करियर में उन्नति के अवसर, नए ऑफर या जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं. पर खर्चों पर नियंत्रण रखें.स्वास्थ्यः नींद और आराम पर विशेष ध्यान दें. काम के दबाव से दूरी बनाए रखें. रिश्ते / प्यारः पुराने मित्र या रिश्तेदार से मिलना संभव है, इससे मन प्रसन्न होगा. घर-परिवार में सहयोग बढ़ेगा. सलाहः जोखिम लेने से पहले पूरी तैयारी करें; संतुलित दृष्टिकोण लाभदायी रहेगा.

**कुंभ-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः पढ़ाई, इंटरव्यू, कोर्सेज़ आदि में सफलता की गुंजाइश है. बातचीत या प्रस्ताव लाभदायक हो सकते हैं. स्वास्थ्यः सामान्य रहेगा; पर मनोवैज्ञानिक तनाव से बचने के लिए ध्यानम-योग कर सकते हैं. रिश्ते / प्यारः पारिवारिक माहौल शांत रहेगा. साथी या मित्रों से अच्छे समय बीतेगा. सलाहः कागजी कामों, अनबंधों आदि का दस्तावेज़ अच्छी तरह देखें; भरोसा योग्य लोगों से सलाह लें.

**मीन-**कैरियर / आर्थिक स्थितिः नए स्रोत से आय हो सकती है, या किसी मदद से लाभ मिलेगा. लेकिन अनियोजित खर्च होंगे, बैलेंस आवश्यक है. स्वास्थ्यः स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर जितना संभव हो तनाव को नियंत्रित करें. रिश्ते / प्यारः परिवार और दोस्त-रिश्तों में सकून रहेगा; सामाजिक गतिविधियों में आनंद मिलेगा. सलाहः दिल की सनें लेकिन पैरों को जमीन पर रखें; योजनाओं को ठोस बनाएं.मेहनत से सफलता निश्चित मिलेगी.

**ज़य गोविंदा,जय गोविंदा,जय गोविंदा**







# ज़य गोविंदा की घोषणा से गूंज उठी अंबानगरी

**विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर**

**अमरावती-** लाखों भक्तों के आस्थास्थल के रूप में सुख्यात जयस्तंभ चौक के करीब स्थित व्यंकटेशधाम मंदिर में वैकुंठ एकादशी के दिन एक लाख से अधिक भक्तों का तांता लग गया. सुबह 5 बजे से जहां भक्त उमड़ना शुरू हो गए थे, वहीं दूसरी ओर सुबह निकली पालखी में भी हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया. इस दौरान यद्यपि कुछ भक्तों के अति उत्साह के कारण लोगों को थोड़ी परेशानी हुई लेकिन मंदिर संस्थान के बेहतरीन प्रबंधन के कारण मंदिर खुलने का समय बढ़ाने से जहां लोगों में संतोष था, वहीं दोपहर 2 से 4 बजे तक ही मंदिर बंद था, इसके अलावा लाखों भक्तों ने पहुंचकर जय गोविंदा का जयघोष करते हुए वैकुंठ द्वार से गुजरकर जीवन धन्य किया. सवा लाख के करीब भक्तों के दर्शन की संभावना जताई जा रही है. खल्लार बालाजी मंदिर, इतवारा बाजार के बालाजी मंदिर, छत्रपुरी बालाजी मंदिर सक्करसाथ में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर दर्शन कर जीवन धन्य किया.



प्रतिवर्षानुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 दिसंबर को वैकुंठ एकादशी पर जयस्तंभ चौक के करीब स्थित व्यंकटेश बालाजी मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर वैकुंठ द्वार पार करने के साथ ही व्यंकटेश्वर भगवान तथा मां पद्मावती तथा महालक्ष्मी के दर्शन का पुण्य प्राप्त किया. इससे पूर्व सुबह 5 बजे से मंदिर में पूजा-अर्चना तथा अभिषेक किया गया. इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के अलावा मुख्य ट्रस्टी गोविंद दायमा, रमण दायमा के साथ ही अन्य पदाधिकारी तथा भक्त प्रमुखता से उपस्थित थे. शहर के इतवारा बाजार स्थित बालाजी मंदिर के अलावा खल्लार बालाजी में भी सुबह से ही भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दर्शन का पुण्यलाभ प्राप्त किया. शहर के व्यंकटेशधाम मंदिर के अलावा सक्करसाथ के छत्रपुरी बालाजी मंदिर, इतवारा बाजार के बालाजी मंदिर तथा खल्लार बालाजी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा.वैकुंठ एकादशी के पावन पर्व पर वर्ष व्यंकटेश धाम में श्रद्धालुओं का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा. तड़के सुबह से ही भगवान श्रीविष्णु के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगीं रहीं. मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर पुण्य लाभ प्राप्त किया. भक्तिमय वातावरण से संपूर्ण परिसर गुंजायमान हो उठा.

सुबह 5 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम के तहत सुबह 6 बजे पालखी निकाली गई, इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया. मंदिर में पहुंचने वाले हर भक्त में अपार उत्साह दिखाई दे रहा था. जय गोविंदा के जयघोष से तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन का अनुभव सभी कर रहे थे. भक्तों में बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और बजुर्गों का भी समावेश था. इस दौरान मंदिर में बालाजी भक्तों के सेवाभाव का दर्शन भी हुआ.

ज़य गोविंदा के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था. सभी में अपार उत्साह के



कारण तिरूपति बालाजी का नजारा व्यंकटेश धाम में दिखाई दे रहा था. सुदर्शन गांग, राजेश बनारसे, भावना बनारसे, वंशिका दुबे, घनश्याम वर्मा के साथ ही सुभाष दुबे तथा लाख के करीब भक्तों ने दर्शन का पुण्यलाभ प्राप्त किया.

हर साल की तरह इस वर्ष भी जय गोविंदा ग्रुप विलास नगर के साथ ही अन्य समाजसेवी संस्थाओं द्वारा यहां पर साबूदाना खिचड़ी, केले के साथ ही उपवास के प्रसाद का वितरण हर भक्त को किया जा रहा है. सुबह 6 से 2 बजे तक तथा दोपहर 4 से 10 बजे तक एक लाख से अधिक भक्तों द्वारा दर्शन का लाभ लिया गया. इनमें प्रमुखता से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्यों का भी समावेश था. युवाओं का जोश देखने लायक था और पहुंचने वाले सभी भक्तों को फराली उसल, केला तथा अन्य प्रसाद का वितरण उत्साह के साथ कर रहे थे. शहर के इतवारा बाजार स्थित बालाजी मंदिर में भी वैकुंठ एकादशी का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया. यहां भी सुबह बालाजी भगवान के अभिषेक के अलावा दर्शन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा. मंदिर संस्थान के अध्यक्ष महेश साहू तथा अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम की सफलतार्थ प्रयास किया. क्षेत्र में बड़ी संख्या में भक्तों ने सुबह पहुंचकर दर्शन का लाभ लिया. अमरावती से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित खल्लार बालाजी मंदिर में भी वैकुंठ एकादशी भक्तिभाव से मनाई गई. सुबह से लेकर हजारों भक्तों ने जहां दर्शन किया, वहीं दूसरी ओर सेवाभावी संगठनों के भक्तों द्वारा सुबह से लेकर रात्रि तक भक्तों को राजगरे के लड्डू और साबूदाना खिचडी का वितरण किया गया. इस उपलक्ष्य में निकली पालखी यात्रा में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया.भक्तिभाव में नगरी झूम उठी.




# सभी स्वस्थ रहें,मस्त रहें नए साल में

## परमार्थ के साथ ही सभी मनोकामनाएं नए साल में पूरी होने की कामना के साथ नववर्ष की पूरणसेठ हबलानी ने दी शुभकामनाएं

विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर

अमरावती- जितने पल हमें मिले हैं यह परमात्मा की अपार कृपा है. नेक काम में जब हम सहयोग करते हैं तो उससे मिलने वाली खुशी अपार होती है. इसलिए नया साल सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे, सभी स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में ऐसी कामना करते हुए आराधना के प्रमुख पूरणसेठ हबलानी तथा भाईयों ने सभी देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी.

साथ ही सभी का जीवन सुख-समृद्धि और खुशियों से भरा रहे, यही कामना करते हैं. लेकिन इसके साथ ही यह भी उतना ही सच है कि आत्मबलसे बड़ी ताकत कोई नहीं हो सकती है. ऐसे में पुराने दर्द को भुलाकर जिंदगी को पटरी पर लाने की जद्दाजहद ही जिंदगी है.एक बार खुशियों को लेना सीख गए तो निश्चित



ही बाकी समस्या का निराकरण हो जाता है. खुशी फील करने वाली बात होती है. कोई गरीब भी सबसे खुश रह सकता है. लेकिन कोई करोड़पति भी दुखी रह सकता है.

हम जैसा महसूस करते हैं, उसी तरह का अनुभव करते हैं. सफलतम व्यवसायी के साथ ही नेक दिल समाजसेवी, सेवाभावी कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहने वाले पूरणसेठ हबलानी के मुताबिक मानव सेवा से बड़ी सेवा नहीं होती है. सभी को खुश रखने वालों का भंडार प्रभु कभी खाली नहीं होने देते हैं. मन मे यही भाव रखते हुए जितना संभव हो सके स्वयं की ओर से प्रयास करना चाहिए. राज्यस्तर के व्यवसायी पूरणसेठ हबलानी के मुताबिक सभी के प्रयास से ही किसी भी समस्या का हल निकलता है. सभी को इंसान के रूप में सामाजिक दायित्व की भावना से काम करना चाहिए. सुख्यात व्यवसायी के साथ ही वे आदर्श शिक्षा संस्था के संचालक भी हैं. अल्प समय में ही उनके मार्गदर्शन में संचालित एडीफाई स्कूल ने विदर्भ स्तर पर नाम कमाया है.

नववर्ष की शहरवासियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही आराधना परिवार को मिल रहे विश्वस के लिए धन्यवाद दिया. उनके मुताबिक शहर ने अपार प्रेम और विश्वास दिया है. इसके लिए जितना संभव हो, सामाजिक कामों में भी योगदान देने, पूर्व सैनिकों तथा सेना के जवानों के लिए अपार सम्मान रहने से योगदान देने का प्रयास करते हैं. वर्ष 2026 सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि के साथ लक्ष्य पूरा करने वाला साल साबित हो, इस तरह की कामना करते हुए नववर्ष की सभी को मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी.हर पल खुशियों में बीते और मन प्रसन्न और तन स्वस्थ रहने की कामना प्रभु चरणों में करते हुए शुभकामनाएं दी.



आचार, विचार, संस्कारों के साथ ही संयुक्त परिवार, मानवता और भारतीयता को समर्पित सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र के ग्राहक बनकर अच्छाई को बढ़ावा देने में अपना हाथ बंटाए, आज ही सदस्यता फार्म भरें

संपर्क

विदर्भ स्वाभिमान

9423426199/8855019189

# सुनील राणा वाईएसपी के परदे के पीछे के नायक

## जनता, कार्यकर्ता हैं हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण, सामाजिक कार्य,विकास की सोच है हमारी सबसे बड़ी ताकत

**विदर्भ स्वाभिमान,31 दिसंबर**

**अमरावती-** अमरावती शहर की राजनीति में युवा स्वाभिमान पार्टी को अपार लोकप्रिय बनाने के साथ सभी कार्यकर्ताओं के लिए बड़े भाई की भूमिका में रहने वाले पार्टी के मार्गदर्शक सुनील राणा को पहन के पीछे का नायक कहना गलत नहीं होगा. पार्टी की स्थापना से लेकर छोटे भाई रवि राणा और पूर्व सांसद नवनीत राणा के कदम से कदम मिलाते हुए उन्होंने जहां पूरे जिले में पार्टी को मजबूत किया वहीं आज भी दोनों की अनुपस्थिति में कार्यकर्ता के दख दर्द के साथ शहर तथा जिले के विकास के लिए जिस तरह से उनमें समर्पण दिखाई देता है वह अपने आप में किसी समर्पण से कम नहीं है. बोलने में काम और करने में अधिक विश्वास रखने वाले सुनील राणा का कहना है कि पार्टी का हर कार्यकर्ता उनका छोटा भाई है और इन्हीं कार्यकर्ताओं तथा जनता के आशीर्वाद से आज युवा स्वाभिमान केवल राजनीति नहीं बल्कि सामाजिक, धार्मिक तथा दिव्यांग सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं. नव वर्ष पर उन्होंने राज्य की जनता को शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की.

सुनील राणा अमरावती जिले की जानी-पहचानी और सक्रिय सामाजिक शख्सियत हैं. वे सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहित के प्रति सकारात्मक



सोच के लिए जाने जाते हैं. आम लोगों से सीधा संवाद, समस्याओं को समझना और समाधान के लिए प्रयास करना उनके कार्यों की विशेषता रही है.सुनील राणा ने अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन को हमेशा प्राथमिकता दी है. सामाजिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता उल्लेखनीय रही है. वे युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं.अमरावती जिले के विकास, सामाजिक समरसता और स्थानीय मुद्दों पर वे सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाते आए हैं. महानगरपालिका चुनाव के मामले में उनका कहना है कि शत प्रतिशत मतदान के साथ मतदाताओं को विकास का विजन रखने वाले और सहज उपलब्ध रहने वाले उम्मीदवारों को मौका देना चाहिए.जनसरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और कार्य करने की तत्परता उन्हें एक जिम्मेदार और भरोसेमंद व्यक्तित्व बनाती है.सुनील राणा का जीवन प्रेरणा देता है कि निरंतर प्रयास, सेवा भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण से समाज में सम्मानजनक पहचान बनाई जा सकती है. बोलने में कम तथा करने में अधिकविश्वास रखते हैं. पर्दे के पीछे के युवा स्वाभिमान पार्टी के इस नायक को विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. नव वर्ष में उनकी सभी मनोकामनाएं गोविंदा पूरी करें, हम यही कामना करते हैं. सुनील राणा के मुताबिक युवा स्वाभिमान पार्टी जनता की सेवा,सामाजिक कामों के साथ ही अधिकाधिक युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता देकर कार्य करती है. यही कारण है कि लोगों का अपार प्रेम इसे मिला है.

# मानवता का धर्म सबसे बड़ा धर्म होता है, पालन करें


## प्रा.डॉ.अजय बोंडे मानना : मन से सदैव प्रसन्न रहना चाहिए, रिश्ते में ईमानदारी होती है बहुत जरूरी

**विदर्भ स्वाभिमान, 31 दिसंबर**

**अमरावती -** ज़ीवन में जीने का महत्व कम है लेकिन जीवन में हमने मानवता की सेवा, समाज तथा राष्ट्र की सेवा में क्या योगदान दिया, इसका अपना महत्व होता है. सदा खुशियों के साथ जीने और अन्यों को भी खुशियां बांटने का प्रयास करना चाहिए. यह कहना है प्रा.डॉ.अजय बोंडे का. जन्मदिन पर उन्हें विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं. ज़ीवन में जितना संभव हो सके, अच्छी सोच के साथ ही सदैव प्रयास करें कि हम किसी को सुख नहीं दे सकते हैं तो हमें दुख देने का अधिकार बिल्कु नहीं है. युवा पीढ़ी को व्यसनों की बजाय नए साल को परम्परागत तरीके से माता-पिता के चरण स्पर्श और अन्य तरीके से मनाने का प्रयास करना चाहिए. जो संस्कार हमारे माता-पिता ने दिया है, इसका सम्मान करने के साथ ही उसे सदैव गोरवान्वित करने का प्रयास करना चाहिए. जीवन में कभी भी किया गया अच्छा काम बेकार नही जाता है. इसी तरह प्रेम, विश्वास, अपनापन कभी भी बेकार नहीं जाता है. इसलिए मानवता के लिए इन भूषण गुणों को सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए. तभी दुनिया में मानवता का दीपक जलने के साथ ही सभी का जीवन खुशियों से आबाद रहेगा. नए साल की सभी शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं. इन शब्दों में सुख्यात समाजसेवी प्रा.डॉ.अजय बोंडे ने अपनी भावनाएं व्यक्त की.

अपने जन्मदिन 1 जनवरी के उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान द्वारा संपर्क करने पर कहा कि माता-पिता का सत्कार करते, गरीब तथा जरूरतमंद की मदद कर नया साल मनाने की शुरूवात शुभ और यादगार

विदर्भ स्वाभिमान



साक्षात्कार

रह सकती है. इससे आत्मीयता और प्रेम बढ़ने के साथ ही मानवता की चेन भी मजबूत होगी. हमारे आदर्श संस्कार जीवन को संवारते हैं, ऐसे में उसका सभी को पालन करना चाहिए.

वैसे तो भारतीय संस्कृति और संस्कार दुनिया में सबसे महान है. लेकिन इसके साथ ही दुनिया के साथ चलना है तो हमें भी कहीं समझदारी दिखानी पड़ती है. हमारा नववर्ष गुड़ी पाड़वा के दिन रहता है. लेकिन पिछले दो साल से कोरोना महामारी ने जो स्थिति लाई, उसके कारण नया तो क्या पुराना साल भी लोगों को याद नहीं रहा है. नए साल को सेवा तथा संकल्पों का बनाने का आग्रह उन्होंने किया है. उनके मुताबिक हमें इंसान के रूप में हम किसी व्यक्ति की किस तरह मदद कर सकते हैं, इस बारे में सोचना चाहिए.सुख्यात शिक्षा शास्त्री एवं प्रा.डॉ.बोंडे ने बताया कि दिल से की गई सेवा कभी बेकार नहीं जाती है. इसलिए जितना संभव हो सके, सेवा का काम अपने स्तर पर करना चाहिए. मानव सामाजिक प्राणि रहने के कारण इन्सान को इन्सान के काम आने का सदैव प्रयास करना चाहिए. तभी मानवता की मजबूत होती है. लेकिन दुर्भाग्य की आज स्वार्थ इन्सान पर हावी होता जा रहा है. नया साल संकल्पों का हो, इस साल हम अपने कामों से अगर कुछ लोगों के दिल में बेहतरीन जगह बना सके तो निश्चित ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी.सामाजिक उपक्रमों में जहां वे सदैव भाग लेते हैं, वहीं दूसरी ओर शारीरिक शिक्षकों की विभन्न समस्याओं को लेकर भी सदैव तत्पर रहते हैं.नए साल 2026 की सभी को शुभकामनाएं दी.





*गुणवत्ता* *विश्वसनीयता* *तत्पर सेवा*

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.


### परमार्थ ही साथ जाता है

जीवन में जो लोग केवल अपने लिए जीते हैं, उनकी तुलना पशुओं से की गई है. लेकिन जो स्वयं के साथ ही परमार्थ के लिए जीते हैं, उनका जीवन आदर्श रहता है. सदा अच्छी सोच के साथ परमार्थ का प्रयास करें.


सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048



मजबूत,टिकाऊ, उच्चगुणवत्तायुक्त नवीन मकान विकायचा आहे. गुढीपाडवा आणि चैत्र नवरात्रिच्या हार्दिक शुभेच्छा. 2 बीएचके किचन ट्राल्या, पीओपी कलरिंग सोबतचच पंखे गिझर सर्व तयारी.इच्छुकांना स्वतः भेंट देऊन खात्री करावी. शांतिनिकेतन स्कूल रोड,पुष्पक कॉलनी मेन रोड पूर्व मुख्य 1350 फुट बांधकाम

संपर्क मोबाइल नंबर

9881388450